06 वन माफिया के साथ मिलकर वनकर्मी ने किया...



09 मां की हत्या कर शव को बाथरूम में दफनाने...



## खबर संक्षेप

### मतगणना दलों का प्रशिक्षण आज

**सागर।** जिले में पायलट प्रोजेक्ट योजना के माध्यम से पेपरलेस निर्वाचन 22 जुलाई को संपन्न हुआ जिसकी मतगणना 26 जुलाई को की जाना है। इसी परिपेक्ष में मतगणना दलों का प्रशिक्षण आयोजित होगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रुपेश उपाध्याय ने बताया कि दिनांक 24 जुलाई दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजे से मतगणना दलों का प्रशिक्षण आर्ट्स एण्ड कॉमर्स कॉलेज में आयोजित किया गया है। मतगणना में लगे अधिकारी कर्मचारी समय पर मतगणना प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित रहेंगे।

### दस्तक अभियान 16 सितंबर तक

**सागर।** दस्तक अभियान के प्रथम चरण का आयोजन 22 जुलाई से किया जा रहा है जो कि 16 सितंबर तक संचालित रहेगा। इस अभियान में बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएगी। जिनमें निमोनिया व गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान व रेफरल एवं प्रबंधन, डिजिटल हिमोग्लोबीनो मीटर द्वारा एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, दस्त रोग की पहचान एवं ओआरएस एवं जिंक के उपयोग के संबंध में जागरूकता, विटामिन ए की खुराक का सेवन जैसी सेवाएं प्रमुख हैं। अभियान के संबंध में जिला टास्क फोर्स बैठक आयोजित की जा चुकी है। इसी प्रकार समस्त विकासखंड स्तर पर ब्लॉक टास्क फोर्स बैठकों का आयोजन भी किया जा चुका है। दस्तक अभियान के लिए आवश्यक दवाइयां, जांच उपकरणों, रिपोर्टिंग प्रपत्रों, प्रचार सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है एवं मैदानी कार्यकर्ताओं को भी प्रशिक्षण दिया गया है।

### जिले में अब तक 597.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 597.6 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 788.7 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 498.0 मि.मी., जैसीनगर में 518.7 मि.मी., राहतगढ़ में 788.7 मि.मी., बीना में 440.0 मि.मी., खुरई में 604.2 मि.मी, मालथौन में 571.3 मि.मी., बण्डा में 657.2 मि.मी, शाहगढ में 634.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 571.4 मि.मी, रहली में 557.4 मि.मी, देवरी में 611.1 मि.मी. तथा केसली में 718.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### विशेष स्वास्थ्य शिविर व कार्यशाला 31 को

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में 31 जुलाई को विश्वविद्यालय की महिला शिक्षकों, महिला अधिकारियों/कर्मचारियों, महिला शोधार्थियों/छात्राओं, परिसर में आवासरत महिलाओं एवं महिला सुरक्षा कर्मियों/स्वच्छता कर्मियों हेतु विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की संरक्षिका कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता हैं। मुख्य अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली की महिला कार्य प्रमुख श्रीमती शोभा पैठणकर होंगी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस पी उपाध्याय करेंगे। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन को लेकर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई जिसमें स्वास्थ्य केंद्र द्वारा शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर सजगता आवश्यक है इसलिए यह शिविर महिलाओं के स्वास्थ्य पर केनद्रित हैं। आमतौर पर महिला स्वास्थ्य को लेकर लोग नजर अंदाज करते हैं। महिलायें स्वयं भी जागरूकता के अभाव में कई बीमारियों से ग्रसित हो जाती हैं।

---

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टीकमगढ़ को नोटिस जारी करने के निर्देश**

# काम नहीं करने वाले चिकित्सकों और मैदानी कर्मचारियों के विरुद्ध करें सख्त कार्रवाई : कमिश्नर अनिल सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में मातृ एवं शिशु मृत्यु को रोकने के लिए परिणाम मूलक प्रयास करने के निर्देश सागर संभाग के चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियों को दिए है। कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को रोकने के लिए महिलाओं और बच्चों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएं। कमिश्नर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए है कि संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी खंड चिकित्सा अधिकारी सतत रूप से स्वास्थ्य सेवाएं की समीक्षा करें और स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने उक्त निर्देश आज स्वास्थ्य सेवाओं की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में एनिमिया स्क्रीनिंग कार्यक्रम, बन्नरेबल पोपुलेशन स्क्रीनिंग कार्यक्रम, डायबीटीज स्क्रीनिंग कार्यक्रम टेली मेडिसिन कार्यक्रम प्रधानमंत्री मातृ सुरक्षा योजना एवं अन्य योजनाओं की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग के लगभग सभी जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति ठीक नहीं है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और परिणाम मूलक बनाने की नितांत आवश्यकता है।

कमिश्नर ने सागर संभाग की निवाड़ी, जतारा, बल्देवगढ, टीकमगढ़, पृथ्वीपुर, जबेरा, पटेरा, हिन्डोरिया स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा संचालित कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि इन स्वास्थ्य केन्द्रों की स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन की स्थिति काफी खराब है। कमिश्नर ने इस स्थिति के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी टीकमगढ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है वहीं खंड चिकित्सा अधिकारियों के कार्यो की समीक्षा करते हुए खंड चिकित्सा अधिकारियों के विरूध्द भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। कमिश्नर ने काम नहीं करने वाले स्वास्थ्य कार्यकताओं और कर्मचारियों के विरूध्द भी सख्त कार्यवाही करने के निर्देश संयुक्त संचालक स्वास्वस्थ सेवाएं सागर को दिए है।

कमिश्नर सागर संभाग ने संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सागर संभाग को निर्देश दिए है। कि वह जिलों में जाकर चिकित्सकों की बैठके लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की सतत समीक्षा करें और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराए। कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि सागर संभाग के स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नागरिकों और ग्रामीणों को मिलना ही चाहिए। यह व्यवस्था सुनिश्चित करे। कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि काम नहीं करने वाले चिकित्सकों मैदानी कर्मचारियों के विरूध्द सतत कार्रवाई करे।

बैठक में टेलीमेडिसन कार्यक्रम समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि टेलीमेडिसन कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कराएं लोगों को इसका लाभ मिलना चाहिए। बैठक में कमिश्नर ने एन.आर.सी. सेन्टरों की स्थिति की भी समीक्षा की गई तथा निर्देशित किया गया कि एन.आर.सी सेंटरों की स्थिति में सुधार करें लोगों को एन.आर.सी सेंटरों में बच्चों को लाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कमिश्नर ने क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि क्षय रोग से समाज को मुक्त करने के लिए सतत कार्य करें। बैठक में कमिश्नर ने अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की।

बैठक में संयुक्त संचालक स्वास्वथ्य सेवाएं सागर संभाग डा. नीना गिडियन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. ममता तिमोरे, सागर संभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी एवं मैदानी चिकित्सा अधिकारी भी उपस्थित थे।

---




## डेढ़ वर्ष से फरार दुष्कर्म का आरोपी महिला थाना पुलिस की गिरफ्त में

**सागर।** महिला थाना सागर में डेढ़ वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को महिला थाना सागर द्वारा गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तार आरोपी रंजीत घोषी पिता गोविंद सिंह घोषी उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम किलाई सिहोरा, थाना राहतगढ़ को 22 जुलाई को गिरफ़्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक संतोषी कनासिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रकरण जनवरी 2024 से लंबित था तथा आरोपी घटना के बाद से लगातार इंदौर सहित अन्य स्थानों पर फरारी काटता रहा। महिला थाना में पदस्थ होने के बाद इस प्रकरण को मेरी प्राथमिकता पर रखते हुए लगातार तकनीकी और मानव स्त्रोतों के माध्यम से ट्रैक किया गया। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक सुनील दत्त पांडे, अनिल तिवारी, महिला आरक्षक वर्षा बुंदेला, आरक्षक योग प्रकाश, रवि कुर्मी एवं नवीन मिश्रा की विशेष भूमिका रही, जिन्होंने टीम भावना के साथ निरंतर प्रयास करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। महिला थाना सागर द्वारा यह कार्रवाई गंभीर अपराधों के फरार आरोपियों को न्याय के कटघरे तक पहुँचाने की दिशा में एक अहम कदम है। थाना स्टाफ की सतत निगरानी, सूझबूझ और टीम भावना की यह मिसाल सराहनीय है।

## रसायन विज्ञान के शोधार्थी आनंद को मिली सीएसआईआर की सीनियर रिसर्च फेलोशिप



**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर रसायन विभाग के शोधार्थी आनंद को काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च द्वारा प्रदत्त प्रतिष्ठित फेलोशिप मिली है। यह उपलब्धि उनके अटूट समर्पण, गहन शोध-क्षमता और उत्कृष्टता के प्रति निरंतर प्रयास का प्रमाण है। इस फेलोशिप के अंतर्गत उन्हें प्रति माह 42,000 का मानदेय तथा 20,000 वार्षिक कंटिनजेंसी प्रदान किया जाएगा। रहली (सागर) निवासी शोधार्थी आनंद विश्वविद्यालय के रसायन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. के. बी. जोशी के निर्देशन में में पीएच.डी. शोधकार्य कर रहे हैं। उनका शोध कार्य बायो-ऑर्गेनिक केमिस्ट्री के क्षेत्र में विशेष योगदान दे रहा है। उनका मुख्य शोध पेप्टाइड केमिस्ट्री की जटिलताओं और इसके विविध वैज्ञानिक अनुप्रयोगों पर केंद्रित है। उनके शोध का विषय 'नैनो स्ट्रेटजीज इन पेप्टाइड नैनो टेक्नोलॉजी : एक्सप्लॉइटिंग बायो-मीमेटिक शार्ट पेप्टाइड कंज्यूगेट्स' है, जो अत्याधुनिक नैनो-टेक्नोलॉजी में उपयोग करने की नई रणनीतियों को दर्शाता है। अब तक आनंद के शोध कार्यों को को 12 अंतरराष्ट्रीय हाई इम्पैक्ट फैक्टर वाले शोध जर्नल्स में प्रकाशित किया जा चुका है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बधाई एवं शुभकामानाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल शोधार्थी आनंद की असाधारण प्रतिभा और लगन को प्रदर्शित करती है, बल्कि विभाग के शिक्षक और शोध निर्देशक डॉ. जोशी के जीवंत वैज्ञानिक दृष्टिकोण को भी प्रतिबिंबित करती हैं। भारत की शोध-स्थितियों की चुनौतियों के बीच यह उपलब्धि शोधकर्ताओं और भावी वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

---

## सांदीपनि उमा विद्यालय नरयावली के आठ शिक्षक अनुपस्थित सभी के वेतन काटने सहित कारण बताओ नोटिस जारी

सागर। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन के द्वारा लगातार विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहे हैं निरीक्षण के दौरान आज उन्होंने सांदीपनि विद्यालय नरयावली ईश्वरवारा विद्यालयों का निरीक्षण किया। शास उमावि जरूआखेडा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान प्रार्थना सभा चल रही थी शाला में कार्यरत शिक्षक कर्मचारी सभी उपस्थित मिले। इसी प्रकार शास माध्यमिक शाला ईशुरवारा का निरीक्षण किया जिसमें विद्यालय में पदस्थ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित मिले एक शिक्षिका निरीक्षण के दौरान ही उपस्थित हुई जिनसे जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विलंब का कारण जाना एवं प्रति दिवस समय पर उपस्थित होने की समझाइश दी गई। सांदीपनि शास उमावि विद्यालय नरयावली विद्यालय के निरीक्षण के दौरान 8 लोक सेवक बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए, अनुपस्थित शिक्षकों में कल्पना सिंह कुर्मी, अनुपम ताम्रकार, सविता दरे, सारिका पांडे, ममता जैन, चेतना शर्मा, कुमारी रेशमा मिंज, कुमारी प्रतिभा खरे शामिल हैं। अनुपस्थित लोक सेवकों का एक दिवस का वेतन काटने की कार्रवाई करते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन के द्वारा सांदीपनि विद्यालय के नवीन भवन के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया एवं संबंधित निर्माण एजेंसी को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।

## ग्राम बारछा में दो करोड़ कीमत की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देश पर शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार जारी है। इसी के तहत ग्राम बारछा, परसोरिया सर्किल अंतर्गत राजस्व विभाग की टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई, जिसमें लगभग 92 हेक्टेयर शासकीय भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। इस भूमि की अनुमानित कीमत दो करोड़ रुपये से अधिक है।

तहसीलदार हरीश लालवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम बारछा में कुछ लोगों द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था। अतिक्रमणकर्ताओं ने उक्त भूमि पर फसल बो दी थी और तार फेंसिंग करके उसे निजी उपयोग में ले लिया था। सूचना मिलते ही राजस्व अमला मौके पर पहुंचा और कार्रवाई करते हुए तत्काल अतिक्रमण हटाया गया। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कठोरता से कार्रवाई की जाएगी और यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा, ताकि शासकीय संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

---

## बस पर पत्थरबाजी करने वाला आरोपी बहेरिया पुलिस की गिरफ्त में



**सागर।** 2 जून को फरियादी बस चालक कुलदीप मिश्रा द्वारा थाना बहेरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि जब वे यात्रियों से भरी बस लेकर ग्राम केरबना के समीप पहुँचे, तब साइड देने की बात को लेकर ग्राम केरबना निवासी मोन्टी उर्फ जयदीप ठाकुर एवं उसके साथी द्वारा बस पर पत्थरबाजी की गई। इस हमले में बस के शीशे टूट गए और चालक को भी पत्थर लगने से चोट आई। इस घटना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना बहेरिया में अपराध क्रमांक 161/25 धारा 296, 115(2), 351(2), 324(2), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के बाद से ही आरोपी मोन्टी उर्फ जयदीप ठाकुर फरार था, जिसे वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे गुंडा एवं बदमाश विरोधी विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। बहेरिया पुलिस द्वारा यह कार्रवाई अपराधियों में कानून का भय स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

## लोकसेवा केंद्रों का किया निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर ने विगत दिवस समस्त एसडीएम, तहसीलदार को निर्देशित किया है कि जिले में संचालित सभी लोकसेवा केन्द्रों का लगातार निरीक्षण करें एवं लोकसेवा केंद्र पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लें। इसी परिपेक्ष्य में सागर एसडीएम आदिती यादव, राहतगढ़ एसडीएम अशोक सेन, रहली एसडीएम गोविंद दुबे सहित अन्य एसडीएम के द्वारा तहसीलदारों के साथ लोकसेवा केंद्र का निरीक्षण किया जाकर लोकसेवा केंद्र द्वारा दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली।

## अनाधिकृत रूप से मांस मछली विक्रय करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर 3 हाथठेला जब्त कर 55 किलो मांस नष्ट कराया



**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार अवैध रूप से मांस,मछली विक्रय करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। बुधवार को मोतीनगर चौराहा पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनाधिकृत रूप से हाथठेला पर मांस, मछली विक्रय करने वालों से लगभग 50 किलो मांस मछली को जप्त कर फिनायल डालकर नष्ट कराया गया तथा 3 हाथठेला को जप्त करने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही जोन क्रमांक 1 के अंतर्गत अवैध मांस विक्रेताओं के विरुद्ध अतिक्रमण दल के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही कि गई और 5 किलो मांस जप्त कर नष्ट कराया गया। लगभग 55 किलो मांस, मछली को नष्ट कराया गया। कार्रवाई के दौरान निरीक्षण टीम में स्वास्थ्य अधिकारी राजेश सिंह राजपूत, स्वच्छता निरीक्षक सईद उद्दीन कुरेशी, जोन प्रभारी गंधर्व सिंह, वार्ड दरोगा शाकिर अली, प्रकाश मिश्रा, वीरेंद्र बोहत, राजू रैकवार और सफाई संरक्षक उपस्थित थे।

---

**भाजापा कार्यकर्ताओं ने तिलक और आजाद को श्रद्धा पूर्वक नमन किया**

# स्वतंत्रता संग्राम के महानायक लोकमान्य तिलक और अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर भाजपा कार्यालय में हुआ पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




स्वतंत्रता संग्राम के महानायक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर संभागीय कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, विधायक शैलेंद्र कुमार जैन पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर नेता गणों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया है।

कार्यक्रम में विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि देश की आज़ादी के लिए दोनों महान स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान अविस्मरणीय है, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन मातृभूमि के लिए समर्पित कर दिया।

जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि लोकमान्य तिलक ने स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा जैसे क्रांतिकारी उद्घोष के माध्यम से जनमानस में आज़ादी के लिए चेतना की ज्वाला प्रज्वलित की। उन्होंने सामाजिक समरसता के उद्देश्य से महाराष्ट्र में गणेश उत्सव की सार्वजनिक परंपरा की शुरुआत कर राष्ट्रीय एकता को एक नया सांस्कृतिक आधार प्रदान किया। श्याम तिवारी ने चंद्रशेखर आजाद के अदम्य साहस और बलिदान को याद करते हुए कहा कि वे स्वतंत्रता संग्राम की ज्वलंत प्रेरणा हैं। आजाद ने अपना जीवन देश को समर्पित कर युवाओं में आत्मबल, साहस और राष्ट्रभक्ति की भावना को जाग्रत किया। उनका नाम ही देशभक्ति, अदम्य साहस और संकल्प का प्रतीक बन गया।

पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने कहा कि तिलक जी और आजाद जी का संघर्ष और बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के स्तंभ हैं। उनके विचार, आदर्श और राष्ट्रप्रेम आज भी हम सभी को देश की सेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि पुष्पांजलि कार्यक्रम उपरांत नेतागणों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत संभागीय कार्यालय परिसर में पौधा रोपण किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, जिला कोषाध्यक्ष निकेश गुप्ता, जिला मंत्री सुषमा यादव, सविता साहू, सोशल मीडिया जिला संयोजक अंशुल परिहार, मंडल अध्यक्ष अमित वैसाखिया, नीरज यादव, भाजयुमो जिला अध्यक्ष यश अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम सोनी, मनीष चौबे, अंशुल हर्षे, गोपीचंद पंथी, नितिन सोनी, जय सोनी, सोनल सोनी, चेतराम अहिरवार, आदर्श मिश्रा, पंकज भट्ट, शिवा यादव सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



## विद्युत मंडल के पेंशनरों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**सागर।** मध्य प्रदेश राज्य पेंशनर्स एसोसिएशन एवं मध्य प्रदेश विद्युत मंडल (सागर क्षेत्र) सागर पेंशनर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में राज्यपाल महोदय को कलेक्टर, सागर के माध्यम से विद्युत मंडल के पेंशनरों की विभिन्न मांगों जिसमें मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) को विलोपित करने, जुलाई 2024 से 3% महंगाई राहत एवं जनवरी 2025 से 2% महंगाई राहत का भुगतान मय एरियर्स के तत्काल भुगतान करने, विद्युत मंडल के पेंशनरों की गारंटी सरकार अपने ऊपर लेते हुए विद्युत पेंशनरों को गारंटी प्रदान करने से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। इसके पूर्व कचहरी स्थित श्री हनुमान मंदिर में दोनों संगठन के सदस्यों की एक बैठक हुई. जिसमें विभिन्न लोगों ने अपने विचार रखें सागर क्षेत्रीय विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन सागर की तरफ से ज्ञापन का वाचन अध्यक्ष योगेश सिंघई द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में लगभग मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल, सागर क्षेत्रीय संगठन के सदस्यों ने बड़ी संख्या मै हिस्सा लेकर मांगों के समर्थन में एकता का परिचय दिया। सागर क्षेत्र के वरिष्ठ पेंशनर 83 वर्षीय पूर्व वरिष्ठ लेखा अधिकारी पी.वी. सिद्दीकी की विशेष उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### 24 घंटे के अंदर पुलिस ने पकड़ा दुष्कर्म का आरोपी

**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के कुशल निर्देशन में बल्देवगढ़ थाना पुलिस ने एक दुष्कर्म के फरार आरोपी को मात्र 24 घंटे में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बिगत 22 जुलाई को पीडिता ने स्वयं बल्देवगढ़ थाना पहुंचकर एक लिखित आवेदन पत्र आरोपी नरेन्द्र लोधी निवासी गनयारी थाना बुड़ेरा के विरूद्ध पुलिस को दिया था। उक्त आवेदन में पीड़िता ने बताया कि रात 8 बजे के करीव आरोपी नरेंद्र ने घर के अंदर घुसकर जबरदस्ती पकड़कर पीड़िता के साथ गलत काम (दुष्कर्म) किया। पीड़िता द्वारा चिल्लाने व बिरोध करने पर मुंह दाबा दिया गया और जाते समय जान से मारने की धमकी दी। उक्त आवेदन पत्र पर आरोपी नरेन्द्र लोधी के विरूद्ध पुलिस द्वारा धारा 64, 64(2)(I), 332(), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान विवेचना में पुलिस अधीक्षक मनोहर मंडलोई द्वारा आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए बल्देवगढ़ पुलिस को निर्देशित किया गया। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशावाह एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की गई। 22 जुलाई को थाना बल्देवगढ़ पुलिस द्वारा आरोपी नरेन्द्र लोधी को इंदौर से गिरफ्तार किया गया और टीकमगढ़ लाकर न्यायालय में पेशकर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में प्रीति भार्गव थाना प्रभारी बल्देवगढ़, उपनिरीक्षक जेएन भगत, मयंक सायवर सेल प्रभारी, प्रधान आरक्षक रहमान खांन, हरेन्द्र सिंह तोमर, आरक्षक पंकज खरे, नीरज पाल, अजय बहरोलिया की विशेष भूमिका रही।

### भाजपा ने आजाद जयंती पर किया वीर श्रद्धांजलि समारोह

**टीकमगढ़।** स्वतंत्रता आंदोलन के अमर सेनानी चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों, पार्षदों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए बलिदान, साहस और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा है। माल्यार्पण कर रहे नेताओं ने कहा कि आज़ाद ने न सिर्फ अंग्रेज़ों के विरुद्ध हथियार उठाया, बल्कि हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के प्रमुख क्रांतिकारियों के रूप में कई साहसिक कार्रवाइयों, जैसे काकोरी कांड, सांडर्स की हत्या और असेम्बली बम कांड में भाग लेकर ब्रिटिश सत्ता की नींव हिला दी थी। उनकी वीरगति 27 फरवरी 1931 को इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में हुई, जब उन्होंने अंत तक लड़ते हुए स्वयं को गोली मार ली, परंतु ब्रिटिश हुकूमत के आगे आत्मसमर्पण नहीं किया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता विवेक चतुर्वेदी, पूरन लोधी, रोहित खटीक, अभिषेक खरे 'रानू', मनोज देवलिया, रीतेश भदौरा, अंकित तोमर, नगर मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी, बलवीर जोशी, जनमेजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा महिला मोर्चा से विभा श्रीवास्तव, पुष्पा यादव, संध्या सोनी, पूनम परमार सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहीं।

### जैविक जिला बनाने की मांग को लेकर निकाली जैविक जागरण रैली

**टीकमगढ़।** जिले को जैविक जिला बनाने के उद्देश्य से भारतीय किसान संघ द्वारा जैविक जागरण रैली निकाली गईं। जिसमें जिले भर से भारी संख्या में आये किसान शामिल हुए। यह रैली शहर के मुख्य चौराहो व मार्गो से होकर निकाली गईं। भारतीय किसान संघ द्वारा निकाली गईं जैविक जागरण रैली शहर के मानस मंच से प्रारंभ की गईं। उक्त रैली शहर के मुख्य चौराहो गांधी चौराहा, स्टेट बैंक, लक्ष्मी टॉकीज , नगर भवन , कटरा बाजार, नजाई मंडी , शैल सागर से होते हुए वापस मानस मंच पर पहुंची। जहाँ रैली का समापन किया गया। जैविक जागरण रैली को देखकर शहर के लोगों के चेहरे खिल उठे।

### अवैध खनन कर रहे लोग छुड़ा ले गए अपना ट्रैक्टर वाहन

# वन माफिया के साथ मिलकर वनकर्मी ने किया छापामार टीम पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

वन क्षेत्र की सुरक्षा में लगे वनकर्मी ही ज़ब वन माफिया का साथ देकर अवैध खनन कराने लगे और वन विभाग की छापामार टीम पर हमला कर माफिया के वाहन छुड़ाने का प्रयास करने में भी न हिचकिचाये। तब ऐसी परिस्थिति में वनक्षेत्र की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित हो सकती है। इन्ही परिस्थितियों के चलते वन क्षेत्र कम होते जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जिले की बड़माडई बीट से सामने आया है। हालांकि अब वन विभाग के डीएफओ राजाराम परमार द्वारा कड़ी कार्यवाही किये जाने की बात की जा रही है। जिले के मधुवन वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाली बड़माडई बीट में मंगलवार देर रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई है।

रेत खनन में लिप्त खनिज माफियाओं का साथ देते हुए वनकर्मी ने अपने ही वन विभाग की टीम पर न केवल हमला कर दिया, बल्कि जब्त किए गए ट्रैक्टर को भी जबरदस्ती छुड़ाकर वन माफिया को मौके से फरार भी करा दिया। इस पूरी घटना में वन विभाग के एक सुरक्षा श्रमिक की संलिप्तता सामने आने से विभाग में भी हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, वन विभाग को सूचना मिली थी कि रात्रि के समय बड़माडई बीट वन क्षेत्र में रेत का अवैध खनन किया जा रहा है। इस पर विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की एक छापामार टीम मौके पर पहुंची और एक ट्रैक्टर को पकड़ लिया, जो अवैध रूप से रेत भरकर ला रहा था।





### खनिज माफिया के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की

*जब वन विभाग की छापामार टीम उक्त ट्रैक्टर को जब्त कर ले जा रही थी, तभी लगभग एक दर्जन से ज्यादा बाइक सवार युवक मौके पर पहुंचे और वन विभाग की टीम को घेर लिया। इन युवकों ने न केवल टीम के साथ गाली-गलौज और मारपीट की, बल्कि ट्रैक्टर-ट्रॉली को बलपूर्वक छुड़ाकर अपने साथ ले गए। इस हमले में वन विभाग के ही सुरक्षा श्रमिक महेन्द्र सिंह ठाकुर की संलिप्तता सामने आई है। बताया जा रहा है कि उसने वन माफियाओं का साथ देते हुए उन्हें जब्त वाहन समेत भागने में सहयोग किया, इस दौरान वन श्रमिक महेंद्र सिंह ने वन विभाग की कार्रवाई में बाधा डाली और अपने ही अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया। अब वन विभाग द्वारा आरोपी वन श्रमिक की भूमिका को लेकर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। घटना के बाद वन विभाग की पूरी टीम कोतवाली पहुंची और आरोपियों के खिलाफ विस्तृत रूप में शिकायत दर्ज कराई। वन विभाग ने हमले में शामिल एक दर्जन खनिज माफियाओं के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। वहीं वन विभाग के रेंज ऑफिसर सौरभ जैन ने मीडिया से बातचीत में बताया की हमारे विभाग के एक सुरक्षा श्रमिक महेंद्र सिँह की संलिप्तता इस हमले में सामने आई है, जो बेहद गंभीर मामला है। न सिर्फ विभागीय स्तर पर उस पर कार्रवाई की जा रही है, बल्कि पुलिस में भी इसकी शिकायत दर्ज कर दी गई है। अवैध खनन करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। इस घटना के बाद वन विभाग की सुरक्षा व्यवस्था और माफियाओं के तगड़े नेटवर्क को लेकर भी कई सवाल खड़े हो गए हैं। विभाग के अंदर ही किसी की मिलीभगत सामने आना अवैध खनन को लेकर चिंता का विषय बनता जा रहा है।*

### कमीशन के दबाव में जिम्मेदारों पर लगाया मौन धारण करने का आरोप

## घटिया सीसी सड़क निर्माण कार्य का नगरवासियों ने किया विरोध शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिले के लिधौरा नगर में नगर पंचायत द्वारा सीसी रोड में घटिया सामग्री का उपयोग कर निर्माण किया जा रहा है कमीशन के दबाब में नगर परिषद उपयंती अशोक पाठक और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौन धारण किये हुए हैं। साथ ही ठेकेदार को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त आरोप लिधौरा नगरवासियो ने लगाकर घटिया सड़क निर्माण का बिरोध प्रारंभ कर दिया है। लिधौरा नगरीय प्रशासन की उदासीनता के चलते ठेकेदार के द्वारा सीसी रोड का घटिया निर्माण किया जा रहा है क्योंकि नगरीय प्रशासन ठेकेदार को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जिले के नगर परिषद लिधौरा में लक्ष्मण जी मंदिर से घटिया तक सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें सीसी रोड की लंबाई 850 मीटर है और सड़क की लागत 32 लाख रूपये बताई जा रही है। उक्त सड़क सिंगल कोट चार इंची डलना है और 5 मीटर चौड़ाई रखनी है। जिसमें स्थानीय लोगों ने बताया कि घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जिसमें बजरी की जगह खेत की मिट्टी की बजरी बनाकर उसका उपयोग किया जा रहा है और गिट्टी की जगह छोटी गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है और सीमेंट की मात्रा कम डाली जा रही है। जिससे नगरीय प्रशासन की अनदेखी के चलते ठेकेदार आशा ट्रेडर्स प्रीति सक्सेना को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस्टीमेट के अनुसार सीसी रोड का निर्माण नहीं किया जा रहा है। नगर परिषद उपयंती अशोक पाठक को इसकी जानकारी होने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। स्थानीय लोगों ने इस मामले की सूचना उपयंत्री अशोक पाठक को दी तो उन्होंने उल्टा ही स्थानीय लोगों को अपने काम से काम रखने की नसीहत दे डाली।

#### जांच कराएंगे

यह प्रकरण मेरे संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराएंगे। सड़क की गुणवत्ता की जांच कराई जायेगी अगर गुणवत्ता ठीक नहीं पाई जाती है और इस्टीमेट के अनुसार कार्य नहीं पाया जाता है तो ठेकेदार के ऊपर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**प्रदीप भदोरिया,** नगर परिषद सीएमओ लिधौरा

### 1 गाय की मौत, दो घायल, पुलिस ने किया मामला दर्ज

## डीएफओ के तेज रफ्तार वाहन ने तीन गायों को कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



देर रात्रि तेज रफ्तार चार पहिया बाहन ने तीन गायों को रौंद दिया जिसमे एक गाय की मौके पर ही मौत हो गईं जबकि दो गाये घायल हो गईं। उक्त चार पहिया वाहन वन विभाग के डीएफओ का बताया जा रहा है। जिसकी टूटी हुई नंबर प्लेट भी मौके से बरामद हुई है। उक्त मामले से नाराज ग्रामीणों ने चक्काज़ाम कर दोषी के बिरुद्ध कार्यवाही की मांग की जिसमे पुलिस ने अज्ञात बाहन चालक के बिरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विगत दिवस मंगलवार की देर रात्रि सुधा सागर रोड के ग्राम मोहनपुर के पास तेज रफ्तार वाहन से एक हादसा हो गया जिसमें एक गाय की मौके पर ही तत्काल मौत हो गई। वहीं दो गायें गंभीर घायल है। वही मृत गाय के पास वन विभाग के डीएफओ किसी शासकीय वाहन की नंबर प्लेट टूटी डली हुई पाई गईं। जिससे प्रतीत होता है की डीएफओ के वाहन से ही उक्त सड़क हादसा हुआ है। ग्रामीणों ने सुबह जैसे ही उक्त हादसा में मृत व घायल गायों को देखा तो उन्होंने तत्काल आक्रोशित होकर सड़क पर जाम लगा दिया और वन विभाग के डीएफओ पर कार्रवाई की मांग करने लगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि रात्रि में वन विभाग के डीएफओ अपने शासकीय वाहन से किसी रेत माफिया के वाहन की जानकारी मिलने पर उसे पकड़ने आए थे लेकिन उनका वाहन इतनी तेज गति में था की गायों को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गए। चक्काजाम के दौरान मामौन, बड़माड़ई, मोहनपुरा ग्राम के ग्रामीण मौजूद रहे। दुर्घटना में मृत व घायल गाय ग्राम मोहनपुरा के ग्रामीणों की बताई गई है। चक्काजाम की सूचना मिलने पर मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंची और मोहनपुरा सरपंच के साथ मिलकर नाराज ग्रामीणों को समझाया, साथ ही कार्यवाही का आश्वासन दिया। उक्त आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने जाम खोला। वही बन बिभाग के डीएफओ ने बताया कि रात्रि में किसी ट्रैक्टर द्वारा वन क्षेत्र से रेत निकाले जाने की जानकारी मिली थी। जिसे देखने के लिए उनका शासकीय वाहन उनका स्टाफ ले गया था। लेकिन वह स्वयं वाहन में मौजूद नही थे। उन्हें तो सुबह इस मामले की जानकारी मिली। बही दूसरी ओर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बाहन चालक के बिरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ओरछा से पलेरा पहुंचे कांवड़ियों का भव्य स्वागत, जगह-जगह पुष्पवर्षा



## हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

सावन की शिवरात्रि पर ओरछा से जल लेकर आए कांवड़ियों का पलेरा नगर में भव्य स्वागत किया गया। कांवडियो का जत्था जैसे ही थाना तिराहे पर पंहुचा, तब सारा क्षेत्र हर- हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारे से गूंज उठा और पलेरा नगरी भोलेनाथ के रंग में रंग गई।

नगर के प्रतिष्ठान जेपी ज्वेलर्स पर जगदीश प्रसाद सोनी, जतिन सोनी एवं नितेंद्र मिश्रा ने सड़क पर पुष्प बिछाते हुए कावड़ यात्रा का स्वागत किया। कावड़ यात्रा में शामिल शिव भक्तों को कोल्ड ड्रिंक एवं जल की सेवा की, वही फूलों की वर्षा से कांवड़यों का स्वागत किया गया। पूर्व विधायक प्रतिनिधि हरसेवक राजपूत कावड़ यात्रा में साथ चले। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उनके निजी ग्राम अतरार से ओरछा धाम पहुंची कावड़ यात्रा सावन मास की महाशिवरात्रि पर्व पर 101 लीटर जल भरकर भगवान महादेव का जलाभिषेक करेगी। उन्होंने बताया कि अतरार गांव में ग्रामीणों के द्वारा कावड़ यात्रा का स्वागत एवं मंदिर पर जलाभिषेक करने की सारी तैयारियां लोगों के द्वारा उत्साह एवं आनंद से की गई है। इस दौरान सारा बातावरण भोलेनाथ के जयकारों से गुंजायमान हो गया। सभी लोग भोलेनाथ की भक्ति में रमे हुए दिखाई दिए।

### रेल सुविधा के लिए दिल्ली पहुंचे भाजपा नेता विकास यादव

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया को सौंपा बुंदेलखंड की जनता का मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



बुंदेलखंड के पिछड़ेपन की एक महत्वपूर्ण कड़ी रेल सेवाओं के अभाव को दूर करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी के नेता विकास यादव सीधे दिल्ली पहुँचे और केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र की जनता का एक मांगपत्र सौंपा। जिसमे टीकमगढ़ और छतरपुर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए क्षेत्र में रेल की सीमाओं को बढ़ाने की मांग की गईं। भाजपा नेता विकास यादव ने सिंधिया को सौंपे पत्र में जनता की ओर से मांग करते हुए कहा कि टीकमगढ़ और छतरपुर न केवल सामाजिक रूप से बल्कि बुनियादी सुविधाओं के लिहाज़ से भी लंबे समय से उपेक्षित हैं।

शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार के लिए इन जिलों के लोगों को ग्वालियर, भोपाल या झाँसी जैसे शहरों की ओर देखना पड़ता है। लेकिन इन शहरों तक सीधी और नियमित रेल सेवा न होने के कारण आम जनता को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने खजुराहो से भोपाल तक वाया टीकमगढ़-छतरपुर एक नई ट्रेन चलाने की मांग रखी, जो सुबह 4 बजे खजुराहो से चले और 10 बजे भोपाल पहुंचे। यही ट्रेन शाम 6 बजे भोपाल से वापस चले और रात 12 बजे खजुराहो लौट आए। यह रूट और समय निर्धारण इसलिए प्रस्तावित किया गया है ताकि बुंदेलखंड के निवासी राजधानी में अपना कार्य निपटाकर कम खर्च व कम समय और अधिक सुविधा के साथ उसी दिन लौट सकें। साथ ही भाजपा नेता विकास यादव ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया के समक्ष जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का मुद्दा भी गंभीरता से उठाया। विकास यादव ने मांग करते हुए कहा कि वर्तमान में खजुराहो से झाँसी के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 64609/64610 का विस्तार ग्वालियर तक किया जाए, जिससे न केवल बुंदेलखंड के मरीज ग्वालियर पहुंच सकें, बल्कि खजुराहो और ग्वालियर जैसे दो प्रमुख पर्यटन स्थलों को भी रेलमार्ग से जोड़ा जा सके। धार्मिक यात्रा को सुगम बनाने के लिए विकास यादव ने एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा कि उज्जैन से चलकर भोपाल, विदिशा, बीना, ललितपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, खजुराहो, चित्रकूट, प्रयागराज, बनारस, गया, पारसनाथ होते हुए हावड़ा तक एक ट्रेन महाकाली एक्सप्रेस के नाम से शुरू की जाए। यह न केवल श्रद्धालुओं के लिए उपयोगी होगी बल्कि धार्मिक पर्यटन को भी नया आयाम देगी। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने इस ज्ञापन को गंभीरता से लिया और भरोसा दिलाया कि वे शीघ्र ही रेल मंत्री से इस विषय में चर्चा करेंगे और टीकमगढ़-छतरपुर क्षेत्र के लिए यथासंभव सहयोग प्रदान करेंगे। विकास यादव की यह पहल स्थानीय जनता की उस भावना का प्रतिनिधित्व करती है, जो वर्षों से रेलवे विभाग की अनदेखी से आहत है।

### एसपी मंडलोई को अब आवेदन देकर पीड़ितों ने लगाई न्याय की गुहार

# अपनों की क्रूरता और पुलिस की बेरुखी की शिकार वृद्ध महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

अपने लोगो की क्रूरता और पुलिस प्रशासन की बेरुखी व संवेदनहीनता की शिकार एक वृद्ध महिला न्याय व सुरक्षा के लिए दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर है लेकिन अभी तक उक्त पीड़ति वृद्ध महिला की कोई सुनवाई नहीं हुई है। शहर के कुमैदान मोहल्ले में रहने वाली वृद्ध महिला सकीला बानो न्याय से वंचित होने पर अब पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई को आवेदन देकर न्याय व सुरक्षा की गुहार लगा रही है।

शासन की पेंशन पर गुज़ारा करने वाली यह बुजुर्ग महिला सकीला बानो अपने ही घर में अपमान, हिंसा और धमकियों का सामना कर रही है, लेकिन बार-बार शिकायतों के बावजूद कोतवाली और देहात थाना पुलिस ने उनकी एक भी सुनवाई नहीं की। पीड़िता सकीला बानो द्वारा पुलिस अधीक्षक मंडलोई को दिए गए आवेदन में बताया गया है कि मोहल्ले के ही नाजरीन वानों और उसके पति अशरफ खां द्वारा लगातार उनके साथ मारपीट की जाती है, धमकियाँ दी जाती हैं और पुश्तैनी मकान को अवैध रूप से विक्रय करने के लिए दबाव डाला जा रहा है। इतना ही नहीं, वृद्धा सकीला से मिलने के लिए आने बाली की उसकी बेटी रूकसाना बानो को भी गाली-गलौच, अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी जाती है।



### प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

इस मामले ने जिले की पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब पेंशन पर निर्भर एक वृद्ध महिला बार-बार थानों का दरवाज़ा खटखटाने के बावजूद बेइज्जत होकर लौटी है, तब यह समझना मुश्किल नहीं कि आम नागरिक की न्याय तक पहुंच कितनी जटिल हो गई है।

### जबरिया अगूंठा लगाकर लाखों रुपए का पुश्तेनी घर हड़पने का डर

वृद्धा सकीला ने एसपी मंडलोई को दिए आवेदन में यह भी आरोप लगाया है कि दिनांक 28 जून एबं 19 जुलाई को महिला थाना एवं कोतवाली में शिकायत दी गई, लेकिन किसी भी थाने में उनकी शिकायत पर मेडिकल परीक्षण तक नहीं कराया गया और पुलिसकर्मीयों द्वारा उन्हें भगा दिया गया। जो कि पुलिस के संवैधानिक दायित्वों की सीधी अनदेखी है। इतना ही नहीं, पीड़िता सकीला को डर है कि एक दिन उन्हें अकेला पाकर आरोपित दस्तावेजों पर अंगूठा लगवाकर उनके करीब 50 लाख रुपये मूल्य के पुश्तैनी मकान को हड़प सकते हैं। वृद्धा सकीला का आरोप है कि उनकी शिकायतों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है, जबकि उन्होंने पहले भी 27 जून को पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपा था और अब दोबारा यह शिकायती पत्र मजबूरीवश दिया गया है।

### महिला सुरक्षा, बुजुर्गों की गरिमा और पुलिस की कार्यशैली पर गहरे सवाल

*यह मामला केवल घरेलू विवाद या ज़मीन के झगड़े तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें महिला सुरक्षा, बुजुर्गों की गरिमा और पुलिस की कार्यशैली जैसे गहरे सवाल जुड़े हैं। ऐसे में यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया, तो यह एक गंभीर न्यायिक चूक मानी जाएगी। पीड़िता ने एसपी कार्यालय से इस बार कड़ी कार्यवाही की उम्मीद जताई है और निवेदन किया है कि आरोपियों के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाए, जिससे न केवल उन्हें न्याय मिले बल्कि ऐसे तत्वों को यह स्पष्ट संदेश जाए कि बुजुर्गों और महिलाओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।*

## एक साल पुराने चर्चित मामले में श्योपुर न्यायालय ने सुनाई फांसी की सजा

# मां की हत्या कर शव को बाथरूम में दफनाने वाले बेटे को मृत्युदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मां की हत्या करने के बाद उसके शव को घर के बाथरूम में दफनाने वाली जघन्य वारदात को अंजाम देने वाले दोषी बेटे को अपर सत्र न्यायाधीश श्योपुर एलडी सोलंकी की अदालत ने फांसी सुना दी है। अपर सत्र न्यायाधीश ने इस जघन्य अपराध पर सुनाए गए मृत्युदंड के फैसले में साफ लिखा है कि दोषी को फांसी लगाकर तब तक लटकाया जाए, जब तक की उसकी मृत्यु न हो जाए। फांसी की सजा के साथही दो हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह सनसनीखेज वारदात एक साल पहले श्योपुर शहर की रेलवे कॉलोनी में घटित हुई थी।

खास बात यह है कि मां के नाम से बैंक में जमा 32 लाख रुपए को हासिल करने के लिए दोषी बेटे ने अपनी मां को मौत के घाट उतारने के बाद उससे ढूंढने का झूठा ढोंग करते हुए कोतवाली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने जब सख्ती दिखाते हुए पूछताछ की तो पूरा मामले का खुलासा हो गया। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने की है। श्योपुर जिले के इतिहास में न्यायालय द्वारा फांसी की सजा सुनाए जाने का यह दूसरा मामला है। इसके पहले वर्ष 2004 में श्योपुर के तहसील स्तरीय न्यायालय ने तब फांसी की सजा सुनाई, जब श्योपुर जिला तो बन गया था, लेकिन यहां जिला सत्र न्यायालय की स्थापना नहीं हुई थी। लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि दोषी दीपक पचौरी पुत्र भुवनेश पचौरी निवासी रेलवे कॉलोनी श्योपुर ने 8 मई 2024 को कोतवाली थाने में दो दिन पहले उसकी मां उषा देवी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। तत्कालीन कोतवाली टीआई योगेन्द्र सिंह जादौन ने गुमशुदगी दर्ज कर जब दीपक पचौरी से पूछताछ की तो उसके बयान संदिग्ध नजर आए। जिसके बाद पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए पूछा तो उसने उसकी मां उषा देवी की हत्या कर शव घर के अंदर सीडियो के नीचे बने बाथरूम में दफनाने की बात उगल दी।




### धक्का देकर सीढ़ियों से नीचे पटका, सिर में मारी लोहे की रॉड, फिर भी नहीं निकली जान तो घोंट दिया गला

दीपक पचौरी ने अपनी मां की हत्या भी काफी बेहरमी से की थी। पुलिस के मुताबिक जब 6 मई को वृद्ध उषा देवी तुलसी पर जल चढ़ाने के लिए छत पर जा रही थी, तभी दीपक ने उसे आधे जीने से नीचे धक्का देकर पटक दिया। जिससे उषा देवी नीचे पर्स पर जाकर पड़ी और उसका सिर लहूलुहान हो गया। इसके बाद दीपक ने मां उषा देवी के सिर में लोहे की रॉड से सिर में तीन चार बार किए। जिससे वह अधमरी हो गई, लेकिन उसकी जान नहीं निकली तो फिर आरोपी ने साड़ी से गला घोंटकर मां उषा देवी की हत्या कर दी और फिर शव को घर के अंदर सीढियों के नीचे बने बाथरूम के अंदर सीमेंट से चुन दिया।

### 20 साल पहले अनाथ आश्रम से लिया था गोद

आरोपी दीपक पचौरी उषा देवी का गोद लिया बेटा है। दरअसल उषा देवी और उसके पति भुवनेश पचौरी के कोई संतान नहीं थी,इसलिए उन्होने वर्ष 2004 में ग्वालियर के अनाथ आश्रम से दीपक को गोद लिया था और उसे अपने बुढ़ापे का सहारा बनाने तथा अच्छा नागरिक बनाने के लिए खूब पढ़ाया और लिखाया। इसके बाद पिता भुवनेश ने 16 लाख रूपए की एफडी करा दी, जिसमें दीपक को नॉमिनी बना दिया। दीपक को गलत शोक लग गए। पिता भुवनेश की मौत 2021 में होने के बाद दीपक ने 16 लाख रूपए की राशि बैंक से निकाल ली। जिसमें उसने दो लाख से अधिक रूपए अपने शौक में उड़ा दिए और 14 लाख रूपए शेयर मार्केट में लगा दिया, जिसमें उसे घाटा लग गया। अपनी मां के नाम से बैंक में जमा 32 लाख रूपए पर दीपक की नजर पड़ गई। क्योंकि इसमें भी वही नॉमिनी था, इसलिए उसने 32 लाख रूपए लेने के लिए योजना बनाकर मां की हत्या कर उसके शव को बाथरूम में दफन कर दिया।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजराज सिंह प्रतिनिधि मंडल के साथ मिले केंद्रीय मंत्री से

# प्राकृतिक आपदा में टूटे तालाबों के मेंटेनेंस के लिए सिंधिया से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



करीब चार साल पहले वर्ष 2021 में आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए तालाबों का मेंटेनेंस करवाने के लिए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान ने एक प्रतिनिधि मंडल के साथ दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 3 अगस्त 2021 में आयी सदी की भीषणतम बाढ़ में ग्राम श्रीजी की गाँवड़ी, गोहेड़ा एवं अन्य गाँवों में तालाब टूट गये थे। तब से ही इन तालाबों की मरम्मत न होने के कारण इन तालाबों में पानी रुक नहीं पाता जिसके कारण, थोड़ी सी भी बारिश हो जाने से इन गाँवों में बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है। इस वर्ष भी श्रीजी की गाँवडी में जल भराव से बहुत नुक़सान हुआ है। ये तालाब जल संसाधन विभाग के अधीन होने के कारण ग्राम पंचायत भी इनकी मरम्मत नहीं कर पा रही है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौहान ने केंद्रीय संचार मंत्री सिंधिया से अनुरोध किया कि श्योपुर के आवदा बांध की मरम्मत के साथ साथ श्रीजी की गाँवड़ी, गोहेड़ा एवं अन्य गाँवों में जल संसाधन विभाग के तालाबो की मरम्मत कार्य स्वीकृत करवाया जाए। जिससे इन संबंधित गांवों में बाढ़ का खतरा समाप्त हो सके।

# रन्नौद गांव में घुसा मगरमच्छ, वन विभाग की टीम ने पकड़ कर छोड़ा पार्वती नदी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जनपद श्योपुर की ग्राम पंचायत नागरगांवडा के अधीन आने वाले गांव रन्नौद में बुधवार की सुबह तब हड़कंप मच गया, जब यहां एक ग्रामीण के बाड़े में लोगों को मगरमच्छ बैठा मिला। यह मगरमच्छ रात्रि के दौरान गांव में घुसकर बाड़े में जाकर बैठ गया था। जिसका पता तब चला, जब बाड़े में बंधे मवेशियों को चारा डालने के लिए मवेशी पालक वहां पहुंचा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को रेस्क्यू करके पकड़ा और फिर पार्वती नदी में जाकर छोड़ दिया।

रन्नौद गांव में मगरमच्छ आने की यह दूसरी घटना है। इसके पहले यहां रात्रि के दौरान मगरमच्छ आ गया था। बताया जा रहा है कि करीब छह फीट लंबा यह मगरमच्छ रात्रि के दौरान पार्वती नदी से निकलकर यहां पहुंचा और एक ग्रामीण के बाडे में वहां जाकर बैठ गया, जहां उसके मवेशी बंधते है। जब सुबह ग्रामीण अपने मवेशियों को चारा डालने के लिए बाडे में पहुंचा, तो वहां इस मगरमच्छ को देखकर हक्का बक्का रह गया। इसके बाद गांव में मगरमच्छ को लेकर हडकंप मच गया, यहां ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इस संबंध में रेंज आफिसर श्योपुर राघवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि जैसे ही बुधवार को रन्नौद में मगरमच्छ के आने की खबर मिली,वैसे ही हमने वहां फोरेस्ट टीम को रवाना कर दिया। हमारी टीम ने रेस्क्यू करके मगरमच्छ को पकडा और फिर पार्वती नदी में ले जाकर सुरक्षित छोड दिया।साथही ग्रामीणों को इस मामले में अलर्ट रहने और फिर से मगरमच्छ आने पर तत्काल सूचना देने की समझाइस दी।

# आदिवासियों ने खोली स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पोल, बोले पैसे मांगते हैं इलाज के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जे बताओ कि जब जे अस्पताल गरीबन के लिए बनाया है तो फिर तुम हमन का इलाज क्यों नहीं कर रहे हो? मेरी बहू भी अस्पताल में तड़प रही है और तुम उसे देख भी नई रे हो। सोपर भेज रहे हो जब तुम्हारे पास इलाज़ ही नहीं है तो अस्पताल क्यों खोल रखा है। यह बात कराहल ग्राम पंचायत के तहत आने वाले उगना सहराने में आयोजित स्वास्थ्य कैंप में पहुंची आदिवासी महिला ने बीएमओ डॉ सुरेश सोनी को प्रसव पीड़ा से जूझ रही अपनी बहु के इलाज में बरती जा रही लापरवाही का उलाहना देते हुए कही। इस दौरान अन्य ग्रामीणों ने भी अस्पताल प्रबंधन पर इलाज़ के लिए रुपए मांगने के गंभीर आरोप लगाए, इस वार्तालाप का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। खास बात यह रही कि जब महिला और ग्रामीण बीएमओ से बात कर रहे थे तब एसडीएम मनोज गढ़वाल भी मौके पर ही मौजूद जो महिला और ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए मोबाइल पर बात करते हुए दूर निकल गए।

ग्राम पंचायत कराहल के उगना का सहराना में डायरिया और दूसरी बीमारियों से कुछ बच्चों और लोगों के बीमार होने व मौत की खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार के नेतृत्व में डोर टू डोर स्वास्थ्य परीक्षण अभियान शुरू किया गया जो तीन दिनों तक चलेगा। एसडीएम भी प्रशासनिक अमले के साथ तीन दिनों तक गांव में ही कैंप करेंगे इस दौरान सीईओ जनपद राकेश शर्मा सहित सभी आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। गांव में पानी के सैंपल लिए गए जो गंदगी हो रही थी उसे जेसीबी के माध्यम से साफ कर कीटनाशक छिड़काव किया गया बच्चे बूढ़े जवान सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां वितरण की जा रही हैं। जिला महिला बाल विकास अधिकारी महेंद्र कुमार अंब एवं सीडीपीओ नितिन मित्तल सुपरवाइजर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ कैंप लगाकर जीरो से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन लेने कुपोषण मापने का काम कर रहे हैं।

# कलेक्टर ने किया विजयपुर के कन्या विद्यालय का निरीक्षण




**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बुधवार को विजयपुर विकासखण्ड मुख्यालय स्थित एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एकीकृत विद्यालय अंतर्गत शामिल प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को मैन्यू अनुसार एवं मानक मात्रा में मध्यान्ह भोजन प्रदाय नही करने पर अग्रसेन स्वसहायता समूह को हटाने की कार्यवाही की गई। इस अवसर पर एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा, तहसीलदार रजनी बघेल एवं विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित रहें। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षाओं का अवलोकन किया गया, इसके साथ ही परिसर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा भी लिया गया। उन्होने छात्राओं से चर्चा कर विद्यालय में अध्ययन एवं अध्यापन की स्थिति का आंकलन भी किया। एकीकृत कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला में दर्ज 160 बच्चों के मान से मध्यान्ह भोजन प्रदाय किया जाना नही पाया गया, इस पर समूह को हटाते हुए मध्यान्ह भोजन का कार्य अन्य व्यवस्था होने तक शाला प्रबंधन समिति को मध्यान्ह भोजन संचालित करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही प्राथमिक शाला में अव्यवस्थाएं एवं किचिनशैड में गंदगी पाये जाने तथा मैन्यू अनुसार पर्याप्त मात्रा में भोजन प्रदाय नहीं किये जाने की मॉनीटरिंग ठीक तरह से न किये जाने पर बीईओ, बीआरसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये गये।

## जगह-जगह कांवड़ियों पर की गई पुष्प वर्षा, 110 किमी का सफर तय

# विस अध्यक्ष ने किए छिमछिमा हनुमान जी के दर्शन, भक्तिमय हुआ वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



रामेश्वर धाम के त्रिवेणी संगम से शुरू हुई कांवड़ यात्रा तीसरे दिन 110 किलोमीटर की दूरी तय करके विजयपुर पहुंच गई है और यात्रा के चौथे दिन बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की अगुआई में प्रसिद्ध छिमछिमा हनुमान जी मंदिर पहुंचकर वहां स्थित शिव लिंग का कावरों में भरकर लाए गए जल से अभिषेक किया। इस दौरान वातावरण भोले तेरी बम जैसे नारों से गूंजता रहा। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने छिमछिमा हनुमान जी के दर्शन किए और वहां पहुंचे भक्तों को संबोधित किया।

कावड यात्रा के आयोजक पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत ने यात्रा में शामिल हुए सभी भक्तगणों का आभार जताया। ज्ञात हो कि इस विशाल कावड़ यात्रा में 5 हजार से अधिक लोगों द्वारा कावड़ लाने का दावा आयोजकों द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रावत ने कहा कि यह समरसता और भाईचारे की यात्रा है। सावन जप, तप और व्रत का महीना है। आस्था एवं परंपरा का अद्भुत संगम होने के साथ ही सनातन धर्मावलंबियों की पहचान है कांवड़ यात्रा। आस्था, परंपरा और तपस्या का अद्भुत संगम है। समुद्र मंथन से जन्मी यह परंपरा आज भी उतनी ही जीवंत और प्रभावशाली है। यह केवल एक धार्मिक रस्म नहीं बल्कि समर्पण, सेवा और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है।

## उतनवाड़ से राजौरा के लिए डाली गई 11 केवी बिजली लाइन का मामला

# बिजली के पोल गाढ़ने में लापरवाही बिजली लाइन के गिरने का खतरा!





हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा तहसील क्षेत्र में उतनवाड़ से राजौरा के लिए 11 केवी की नई बिजली लाइन डाली गई है। जिसे अभी सालभर का समय भी नहीं गुजरा है। इसके पहले ही क्षेत्र के ग्रामीण इस बिजली लाइन के पोलों के गिरने का अंदेशा जता रहे हैं। क्षेत्रीय ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली लाइन के खंभों को गाढ़ने में लापरवाही बरती गई है। लापरवाही यह बरती है कि खंभों को जमीन में गाढ़ने के बाद ऊपर से सिर्फ दिखानेभर के लिए गिट्टी सीमेंट डाली गई है और इन दिनों हो रही बारिश के चलते खंभो के आसपास की मिट्टी बहने से यह लापरवाही साफ दिख रही है। ग्रामीणों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों से समय रहते इस मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

दरअसल 24 घंटे आबादी क्षेत्र में बिजली की सप्लाई किए जाने के लिए उतनवाड से राजौरा तक नई बिजली लाइन कुछ समय पहले ही खींची गई है। हालांकि कृषि लाइन तो पहले से खींची हुई है,लेकिन आबादी क्षेत्र में बिना किसी बाधा के बिजली सप्लाई होती रहे,इसके लिए नई आबादी लाइन खींची गई है। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने बताया कि इस बिजली लाइन को खर्च करने में कितनी राशि खर्च की गई है, इसका तो फिलहाल पता नहीं है, लेकिन इस बिजली लाइन को बिछाए जाने का टेंडर लुमिनों कंपनी के पास था लिहाजा लाइन बिछाए जाने का यह पूरा काम लुमिनों कंपनी के द्वारा किया गया है। लाइन बिछाए जाने के बाद इस लाइन पर बिजली की सप्लाई भी चालू कर दी गई है।

### बारिश से मिट्टी बहने से साफ दिखने लगी लापरवाही

ग्रामीणों का आरोप है कि इस लाइन के बिजली खंभो को गाढ़ने के दौरान न तो ठीक से मिट्टी को दबाया गया है और न ही निर्धारित मापदंड के अनुसार गिट्टी सीमेंट लगाया गया है। सिर्फ दिखाने के लिए 5-6 इंच मोटी गिट्टी सीमेंट की परत गोलाकार में लगा दी गई है। चूंकि इन दिनों बारिश हो रही है, जिसकारण खंभो के आसपास की मिट्टी बह गई है। जिससे ठेकेदार की यह लापरवाही अब साफ दिख रही है। वहीं बिजली के इन खंभो के गिरने का खतरा भी उत्पन्न हो गया है। उधर उतनवाड़ से कोथ के लिए जो बिजली लाइन आबादी क्षेत्र के लिए बिछाई गई है, उसमें भी इसी तरह की लापरवाही बरती गई है।

### बिजली लाइन गिर गई तो हो सकती है जनहानि

ग्रामीणों ने इस घटिया काम की तरफ बिजली कंपनी के अधिकारियों का ध्यान दिलाते हुए बताया कि समय रहते इस लापरवाही को सुधारा नहीं गया तो यह बिजली लाइन कभी भी गिर सकती है। यदि बिजली लाइन गिर गई तो जनहानि भी होना संभव है। क्योंकि बिजली लाइन खेतों में होकर गुजरी है और इस समय खेती किसानी का सीजन चल रहा है। लिहाजा खेतों में किसानों की मौजदूगी रहेगी। ऐसे में लाइन गिरने पर किसानों के साथ जान का खतरा भी हो सकता है।

### इनका कहना है...

उतनवाड़ से लेकर राजौरा तक बिछाई गई बिजली लाइन के खंभो को कितने घटिया तरीके से गाढ़ा गया है, इसकी बानगी मौके पर साफ दिख रही है। बिजली कंपनी के अधिकारी इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए स्थिति को दुरूस्त करवाए।

**गिरिजाशंकर मीणा**
**निवासी बेहडावद**

बिजली खंभे सिर्फ मिट्टी मे ही गाढ़े गए हैं। गिट्टी सीमेंट तो नाम मात्र के लिए भरा गया है। बारिश के चलते मिट्टी बहने से यह लापरवाही साफ नजर आ रही है। इस लापरवाही के चलते उतनवाड़ और राजौरा के बीच कुछ खंभे झुक जाने की बाते भी गांव में लोगों के बीच हो रही है।

**हरिनारायण गुर्जर**
**निवासी राजौरा**

उतनवाड़ से राजौरा के लिए बिछाई गई बिजली लाइन के संबंध में जानकारी पता करेंगे और यदि इस तरह की लापरवाही नजर आएगी तो उसे सुधारने की दिशा में कार्रवाई भी करेंगे।

**दिनेश श्रीवास्तव**
**डीजीएम बिजली कंपनी साउथ श्योपुर**

# कांग्रेस ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव जन समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर में बढ़ती चोरी चकारी और नशे की प्रवृत्ति सहित विभिन्न जन समस्याओं तथा किसानों से जुड़ी मांगों को लेकर कांग्रेसियों ने बुधवार को जिलाध्यक्ष अतुल चौहान के नेतृत्व कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुए राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेसियों ने शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

राज्यपाल के नाम डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को सौंपे ज्ञापन में कांग्रेसियों ने उल्लेख किया है कि श्योपुर जिले में आए दिन चोरिया हो रही है और पुलिस मूक दर्शक बनी हुई है। चोर घरों से गैस सिलेंडर, खाने पीने के समान सहित जेवरात और रुपए चोरी करके ले जा रहे हैं सीसीटीवी में दिखाई पड़ रहे हैं सोशल मीडिया पर लोग इन वीडियो को खूब वायरल कर रहे हैं लेकिन पुलिस संज्ञान नहीं ले रही है। बाइक चोरी की वारदाते भी इस तरह घटित हो रही है। महिलाओं को सरे राह बाइक सवार लूट कर भाग रहे हैं। नशे का कारोबार इतना अधिक बढ़ रहा है कि युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आ चुकी है। कई युवा नशे के कारण जान से हाथ धो बैठे हैं। किसानों को यूरिया खाद की जरूरत है लेकिन सरकार खाद उपलब्ध नहीं करा रही है। सरकार से खाद मांगने वाले किसानों को पुलिस के डंडे खाने पड़ रहे हैं। महंगे दामों पर निजी दुकानों से खाद उठाना पड़ रहा है। बिजली कंपनी द्वारा भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़े जा चुके हैं किसानों से कनेक्शन के लिए अवैध वसूली की जा रही है मनमाने बिल दिए जा रहे हैं जिनको सुधारा नहीं जा रहा है। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश सिंह तोमर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एड योगेश जाट, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी, सेवादल जिला अध्यक्ष डॉ कमल शर्मा, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा, अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष इमरान खान, ईसाफ खान, असलम खान, रज्जाक खान, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन डीडब्ल्यूएस, की बैठक आज

**शिवपुरी।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन डीडब्ल्यूएसएम की बैठक 24 जुलाई को दोपहर 3 बजे से आयोजित की जाएगी। जिसमें जिले के जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में जल जीवन मिशन अंतर्गत किये जा रहे प्रगतिरत कार्यों एवं भविष्य में किये जाने वाले कार्यों पर चर्चा की जाएगी।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत 14 वर्षीय अपहृत बालक दस्तयाब किया

**दिनारा।** ऑपरेशन मुस्कान के दौरान 21.07.2025 को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड एवं अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन एवं एसडीओपी करैरा एसएन मुकाती के मार्गदर्शन में थाना दिनारा पर पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 165/2025 धारा 137(2) बीएनएस की अपहृतबालक को दस्तयाब किया गया। फरियादी उम्र 38 साल नि- दिमरयाना मोहल्ला थाना दिनारा की रिपोर्ट पर से दिनांक 16/07/2025 को थाना दिनारा पर अपराध क्रमांक 165/2025 धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण पजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। उक्त अपहृत बालक की दस्तयावी मे अमित चतुर्वेदी थाना प्रभारी दिनारा, सउनि. सुल्तानसिंह प्र.आर. हिमांशु की सराहनीय भूमिका रही।

### दुकान का ताला तोड़कर 80 हजार रुपए चुराए

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत नरेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी दुकान दुर्गेश शर्मा के मकान में बनी है कोई अज्ञात आरोपी फरियादी की दुकान का रात में ताला तोड़कर 80 हजार रूपये चोरी कर ले गया।

---

### 10 वर्षों से निवासरत है परिवार, तब से क्यों नहीं हुए शिकवा-शिकायत?

# शिकायत कर प्रशासन की मदद से गरीब का आशियाना छीनने के लिए कोशिश!

**स्वामित्व योजना बनी उलझन की जड़ पहले नहीं था रास्ता अब ड्रोन मैपिंग में दिख रहा है रास्ता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर

पिछोर अनुविभाग के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गचौनी में ग्राम आबादी की भूमि को को लेकर आए दिन शिकवा शिकायतों का सिलसिला जारी है अभी कुछ दिन पूर्व गोचौनी निवासी रोशन लोधी ने शिकायत दर्ज की थी कि गांव में संतोष लोधी ने निलने का रास्ता बंद कर दिया है और शासन से रास्ता खुलवाने की गुहार लगाई थी। वहीं अब इसी शिकायत का पलटवार करते हुए एवं शिकायत को झूठी ठहराते हुए फरियादी संतोष लोधी पुत्र लक्ष्मण लोधी निवासी गोचौनी ने मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन के माध्यम से रोशन लोधी की शिकायत दर्ज करते हुए आरोप लगाया है कि शासकीय भूमि पर दबंगई से कब्जा करना चाहता है रोशन और आए दिन लाठी और हथियार लेकर आए दिन अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण और घेराव करना चाहता है एवं धमकियां देता है कि यदि कब्जा मुक्त नहीं किया और मुझे नहीं दिया तो मैं कुछ भी कर सकता हूं इस तरह से फरियादी संतोष ने कलेक्टर को आवेदन के माध्यम से उक्त व्यक्ति पर कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है वहीं पर संतोष की पत्नी कौशल्या ने भी वीडियो जारी कर प्रशासन से उक्त व्यक्तियों के ऊपर कार्यवाही करने की मांग की है।

#### यह है पूरा मामला

गोचौनी में शासकीय आबादी की भूमि सर्वे क्रमांक 1001 कुल प्लॉट संख्या 24 रखवा0ण्46 आबादी भूमि जिस पर पिछले कई वर्षों से फरियादी संतोष लोधी के पशु बधते सिर्फ और इस जमीन का रखरखाव भी पिछले कई वर्षों से संतोष के ही द्वारा किया जा रहा है और फरियादी के अनुसार यहां पर पहले से कोई रास्ता नहीं था 2020 के बाद स्वामित्व योजना आई तब से उक्त स्थान पर बनी दीवार के गिर जाने से चूना डालकर ड्रोन मैपिंग के समय से रास्ता प्रदर्शन किया गया था हालांकि पहले कोई रास्ता नहीं था यहां पर इसी रास्ते को लेकर पूर्व में रोशन लोधी के द्वारा शिकायत की गई थी एवं संतोष के अनुसार इस जमीन को रोशन लोधी हथियाना चाहता है क्योंकि इससे पूर्व में गांव के किसी एक एकल व्यक्ति ने शिकायत नहीं की है एवं फरियादी संतोष की पत्नी कौशल्या लोधी ने वीडियो जारी कर पीड़ा को बयां कर रोशन सहित अन्य पर जबरन घर मकान छीनने एवं मारपीट करने के संगीन आरोप लगाए हैं

#### स्वामित्व योजना

स्वामित्व योजनाएं मध्य प्रदेश में ड्रोन का उपयोग करके ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संपत्ति का सर्वेक्षण करने और कानूनी स्वामित्व कार्ड ;संपत्ति कार्ड स्वामित्व पत्र जारी करने की एक योजना है। इसका उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को अधिकारों का अभिलेख प्रदान करना है। जिससे उन्हें वित्तीय स्थिरता और भूमि अभिलेखों तक पहुंच मिल सके। मध्यप्रदेश में स्वामित्व योजना की स्थिति, प्रदेश में ड्रोन फ्लाइंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। लक्षित 36 लाख अधिकार अभिलेखों में से 29 लाख अधिकार अभिलेखों का निर्माण पूरा हो चुका है। लक्षित 42 हजार आबादी ग्रामों में से 38 हजार ग्रामों में नक्शों का संशोधन कार्य पूरा हो चुका है। 28 हजार 864 ग्रामों के अधिकार अभिलेखों का कार्य पूर्ण कर भू.अभिलेख पटल पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। प्रदेश में स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।


फाइल फोटो

## लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों में लापरवाही बरतने पर 16 अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर शास्ति अधिरोपित

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इस दिशा में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा कार्रवाई करते हुए कुल 16 प्रकरणों में शास्ति अधिरोपित की गई है। कार्रवाई में 33 हजार रूपए की शास्ति विभिन्न स्तरों पर संबंधितों से वसूल की जाएगी। कलेक्टर रने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए इसी प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी। ताकि आमजन को उनकी पात्र सेवाएं बिना अनावश्यक विलंब के प्राप्त हो सकें। शिवपुरी तहसील की नायब तहसीलदार प्रतिभा पांडे पर सीमांकन सेवा के आवेदन में 15 दिवस की देरी के लिए 750 की शास्ति तय की गई है। इसी तरह खनियाधाना की मुहारीकलां तहसील में नायब तहसीलदार रामनरेश आर्य द्वारा आय मूल निवासी प्रमाण पत्र की सेवा के 9 आवेदनों में देरी करने पर 3,000 की शास्ति अधिरोपित की गई है। खनियांधाना की ही अछरौनी बीट के पटवारी गौरव पटेरिया पर सीमांकन सेवा के एक आवेदन में 6 दिन की देरी के लिए 1,500 की शास्ति निर्धारित की गई है। पिछोर तहसील के जुगीपुरा के पटवारी शैलेन्द्र सिंह चंदेल द्वारा सीमांकन सेवा में 30 दिन की देरी पाई गई। जिस पर अधिकतम 5,000 की शास्ति लगाई गई है। तहसील सतनवाड़ा अंतर्गत ग्राम खोरघार, मुढेरी, गहलोनी, भरका और विलपुरा के छह पटवारियों पर कुल 2,250 की शास्ति अधिरोपित की गई है। इनमें पटवारी कमलेश साहूए विक्रम रावत, माला दुबे, मोहिनी बागवार, मीनू अग्रवाल और बृजेश भारद्वाज सम्मिलित हैं। नगर परिषद रन्नौद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मयूर वाहरे द्वारा मृत्यु की अप्राप्यता प्रमाण.पत्र संबंधी एक आवेदन के समय.सीमा में निराकरण न करने पर 250 की शास्ति लगाई गई है। तहसील कोलारस के प्रभारी तहसीलदार सचिन भार्गव द्वारा सीमांकन सेवा में 10 दिन की देरी पर 2,500 तथा तहसील बदरवास के प्रभारी तहसीलदार प्रदीप भार्गव पर सीमांकन सेवा के 9 दिन की देरी के लिए ?2ए250 की शास्ति अधिरोपित की गई है। नगर परिषद पिछोर के सीएमओ आनंद शर्मा द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना से जुड़े एक आवेदन का समय.सीमा में निराकरण नहीं करने पर 2,000 की शास्ति अधिरोपित गई है। इसी तरह समाधान एक दिवस तत्काल सेवा अंतर्गत सहायक संचालक एवं बीईओ कोलारस राहुल भार्गव पर 37 आवेदनों में देरी पर 9,250 और बदरवास के प्रभारी बीईओ पीण्आरण्भगत पर 1,250 की शास्ति निर्धारित की गई है।

---



### कांग्रेसियों ने टोल वसूली का किया विरोध

## बसाहरी के टोल पर धरना दिया, की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

टोल वसूली के विरोध में कांग्रेसियों ने बुधवार को बसाहरी टोल पर जमकर नारेबाजी करते हुए अनुविभागीय अधिकारी मनोज चौरसिया को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कांग्रेसियों ने मांग रखी कि शहर के नजदीक बने टोल पर टोल टैक्स बंद किया जाए।

ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने अपनी बात रखते हुए कहा कि प्रतिदिन आम जनता अपने ही क्षेत्र में दैनिक एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए आवागमन करती है। ग्राम गढौली टोल प्लाजा, ग्राम बसाहरी टोल प्लाजा एवं कुरवाई टोल प्लाजा जो कि बीना मुख्य शहर से सिर्फ 20 किलोमीटर की दूरी से भी कम हैं और यहां की आम जनता, किसान, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, मजदूर, व्यापारी को अपनी आम जरूरतों या अस्पतालों में अपनी समस्याओं के लिए बार-बार आना जाना पड़ता है। जिन से टोल प्लाजा पर बार-बार टोल टैक्स बसूला जाता है। जिसे पूरी तरह से बन्द होना चाहिए। यह आर्थिक और अनुचित मार है, जो हर आम आदमी पर पड़ती है। उक्त तीनों टोल प्लाजा को मुक्त करने की मांग रखी।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने कहा कि जब शासन की गाइडलाइन का पालन नहीं कर रहे टोल वाले तो फिर हम किस बात का टैक्स दे। टोल के कर्मचारियों द्वारा अवैध रूप से वसूली की जा रही है। बीना के चारों तरफ टोल स्थापित कर दिए गए। जबकि शासन की गाइडलाइन अनुसार 50 किलोमीटर की दूरी पर टोल होना चाहिए। टोल पर न तो एम्बुलेंस है, न ही प्राथमिक उपचार का कोई संसाधन। इमरजेंसी सेवा तक इनके पास नहीं है। ऐसी स्थिति में इन्हें किस बात का टोल दिया जाए। आगे ठाकुर ने कहा 2007 में यह टोल स्थापित हुआ था। किंतु समय अवधि के बाद भी यहां अवैध वसूली की जा रही हैं। जिसका आज हम सब मिलकर जनता के हितों को ध्यान में रखकर यह धरना प्रदर्शन कर रहे है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर सिंह यादव ने कहा कि इस टोल पर फास्ट ट्रैक से पैसे नहीं लिए जा रहे है। इनका स्वयं का सॉफ्टवेयर है जिससे यह अवैध वसूली कर रहे हैं।

इसमें आशीष चौबे, एडवोकेट महेंद्र नवैया, नरेंद्र सिंह ठाकुर, रितिक सिंह ठाकुर, एडवोकेट उमा नवैया,देव दत्त तिवारी, चंद्रशेखर राज, मोतीलाल अहिरवार, आशुतोष ठाकुर, सुरेश सेन, अशोक अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

---

## कलेक्टर, एसपी के मार्गदर्शन में निराश्रित गोवंश की सुरक्षा के लिए रेडियम पट्टी लगाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

सामाजिक/स्वयं सेवी संगठनों क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिऔर जिला प्रशासन के सहयोग से हुआ प्रारंभ निराश्रित गौवंश की सुरक्षा के लिए गौवंश के गले में रेडियम पट्टी और सींगों में रेडियम लगाने का अभियान गौसेवक कल्लू महाराज, एवं सामाजिक/स्वयं सेवी संगठनों और जिला प्रशासन के सहयोग से दिनारा क्षेत्र सांकेतिक रूप में प्रारंभ किया गया हैं। इस अभियान का उद्देश्य सड़कों पर बैठे गौवंश को दुर्घटना से बचाना हैं।गौ-सेवक कल्लू महाराज उनकी टीम, में निराश्रित गौवंश की सुरक्षा के लिए, दुर्घटना से बचाने के लिए जिसमें जनहानि और गौवंश की भी हानि हो रही है, इसको रोकने के लिए यह अभियान चलाया गया है। गौवंश के सींगों में टेप लगाया जाए, गोवंश के गले में रेडियम का बेल्ट लगाया जाए, इसके माध्यम से दूर से ही सड़क के किनारे जो गाय बैठी रहती हैं वह दिखेगी ताकि दुर्घटना नहीं हो पाएगी और हम रक्षा कर पाएंगे।उन्होंने कहा इस कार्य में क्षेत्रीय समाजसेवी और जनप्रतिनिधि सक्रिय भूमिका अदा कर रहे है और निराश्रित गोवंश सड़कों पर है उसको पकड़ कर निजी गौशाला में रखा जा रहा है, वहाँ उनका भरण पोषण किया जाएगा, जिसमें हमें सभी का जनसहयोग चाहिए इसमें हमारे बजरंग दल के दीपक नेमा उनकी टीम, गौ सेवक, नगरपालिका के कर्मचारी सभी सम्मिलित हैं और आप सभी का मैं जनसहयोग चाहता हूँ ताकि हम अपने निराश्रित गोवंश को गौशाला तक स्थापित कर सके, और निराश्रित गोवंश की रक्षा कर सके, आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।जन अभियान परिषद समन्वयक सुशील नामदेव ने बताया जिला प्रशासन के निर्देशन में पशुपालन विभाग एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से निराश्रित गोवंश सड़कों पर बैठा रहता है, ऐसे सभी गोवंश पशुओं के सींगों पर रेडियम लगाने का कार्य आज जनसहभागिता से प्रारंभ किया जा रहा है।

गौ सेवक ने बताया जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग एवं समस्त सामाजिक संगठनों के साथ गौ सेवक कल्लू महाराज की टीम ने यह तय किया हैं कि नगर में जितने भी निराश्रित गौवंश सड़कों पर दिख रहे हैं, उनको रेडियम पट्टी पहनाई जाएगी ताकि वह दुर्घटना से बच सके। उन्होंने पशु पालकों से अपील करते हुए कहा दुधारू गाय या पशु उनको अपने घरों पर सुरक्षित बांधकर रखे ताकि उनकी भी सुरक्षा हो सके और रोड़ से निकलने वालों को दुर्घटनाओं से बचाया जा सके।गौ-सेवक कल्लू महाराज ने बताया यह अभियान कलेक्टर सर के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है, निराश्रित गोवंश को रेडियम की पट्टी लगा रहे हैं।

कई रोड़ एक्सीडेंट हो रहे हैं, इनकी सूचना अत्याधिक मात्रा में आने से मन बहुत हताश होता है, इसलिए गौमाता के सींगों में अभी रेडियम लगा रहे है, गले में पट्टी भी पहना रहे है, जिससे बड़ी दुर्घटनाएं से बच सकते है। गौ सेवा समिति के सदस्यों ने बताया लगातार इस प्रकार देखने में आ रहा था कि जो सड़क पर निराश्रित गौवंश बैठा रहता था जिससे रात के समय दुर्घटना की संभावना बना रहती है, रात के समय जब वाहन चलाते हैं तब अचानक से गाय, भैस सामने आ जाती है।

---

### सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर भर्ती शिविर आज शासकीय आईटीआई शिवपुरी में

**शिवपुरी।** जिला रोजगार कार्यालय शिवपुरी के सहयोग से भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषदए नई दिल्ली एवं भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेडए उदयपुर द्वारा जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती शिविर 24 जुलाई से 05 अगस्त 2025 तक शिवपुरी जिले के विभिन्न विकासखण्डों में आयोजित होंगे। शिविरों का आयोजन प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे तक किया जाएगा। इन शिविरों में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम दसवीं पास होना अनिवार्य है। आयु 19 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। जबकि ऊंचाई कम से कम 168 सेमी, वजन 56 से 90 किलो और सीना 80 से 85 सेमी के बीच होना चाहिए। शिविरों का आयोजन 24 जुलाई को शासकीय आईटीआई शिवपुरीए 25 जुलाई को जनपद पंचायत कोलारस ;आजीविका भवनद्धए 28 जुलाई को जनपद पंचायत बदरवासए 29 जुलाई को खनियाधानाए 30 जुलाई को पिछोरए 31 जुलाई को करैरा, 01 अगस्त को नरवरए 04 अगस्त को पोहरी तथा 05 अगस्त 2025 को रोजगार कार्यालय परिसर शिवपुरी में किया जाएगा। अभ्यर्थियों को शिविर स्थल पर दसवीं की अंकसूची की छायाप्रति, एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड एवं 350 रजिस्ट्रेशन शुल्क ;जो चयन के बाद क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना होगा। के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। चयनित अभ्यर्थियों को एक माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसके पश्चात उन्हें स्थायी रूप से नियुक्त किया जाएगा।

---

### गर्ल्स कॉलेज में कॅरियर के अवसर विषय पर हुआ व्याख्यान कार्यक्रम, बताए योग्यता के अवसर

## परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाताः डॉ वंदना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत कॅरियर के अवसर विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता के रूप में वंदना चौबे सहायक प्राध्यापक पीजी कॉलेज बीना को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संस्था प्राचार्य डॉ चंदा रत्नाकर ने कहा आधुनिक समय में विद्यार्थी के लिए अपनी रुचि अनुसार रोजगार के अनेक क्षेत्र हैं। विद्यार्थी अपनी योग्यता एवं क्षमता के अनुसार कॅरियर का चुनाव कर सकता है। कॅरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ रश्मि जैन ने कहा कॅरियर चुनाव भी स्वेच्छा से करें तदनुरूप अपने व्यक्तित्व को विकसित करना अति आवश्यक है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. वंदना चौबे ने कहा आज प्रत्येक क्षेत्र में कॅरियर की अनंत संभावनाएं हैं। उन्होंने शिक्षा प्रबंधन, विधि, बैंकिंग, प्रशासनिक एवं रेलवे आदि की जानकारी दी। उन्होंने आगे कहा विद्यार्थी का प्रारंभिक चरण में ही कॅरियर का क्षेत्र चयन अति महत्वपूर्ण है। उस सपने को साकार करने के लिए लक्ष्य में डटे रहो। निराश न हों । परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता जैसे सफलता के सूत्रों को बताया। उन्होंने विशेष रूप से 5 बिन्दु उद्देश्य, योजना, सकारात्मकता, अडिग रहना और धैर्य कॅरियर के लिए उपयोगी बताए।

कार्यक्रम का संचालन कॅरियर प्रकोष्ठ सदस्य राजीव लोधी अतिथि विद्वान ने किया। कॅरियर प्रकोष्ठ की सदस्य आरती ठाकुर अतिथि विद्वान ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ उमा लवानिया, डॉ दिनेश राय, डॉ आशीष गुप्ता, डॉ सुधीर तिवारी, प्रशांत कुशवाह, नीलेश शर्मा, मनीष, विकास ठाकुर, पूजा रजक, रंजना पंथी आज की उपस्थित रहे।

---

## मातृ शक्ति ने डीजे, ढोल के साथ निकाली कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी




भगवान भोलेनाथ के पवित्र माह श्रावण मास में पहली बार महिला समन्वय एवं मातृशक्ति के संयुक्त तत्वाधान में विश्व शांति आह्वान रूप में बुधवार को को जिला मुख्यालय पर पहली बार भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हुए कांवड़ यात्रा निकाली गई। इस कांवड़ यात्रा की शुरूआत स्थानीय बाणगंगा मंदिर पर विधि.विधान के साथ पूजा.अर्चना करते हुए की गई तत्पश्चात यह कांवड़ यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए श्रीनीलकण्ठेश्वर महादेव मंदिर पर संपन्न हुई। कांवड़ यात्रा का यह भव्य आयोजन महिला समन्वय एवं मातृशक्ति की विभाग संयोजिका सुषमा पाण्डे, यात्रा संयोजिका विभा रघुवंशी आदि के द्वारा समस्त महिला समन्वय एवं मातृशक्ति संगठन के बैनर तले निकाली गई। इस कांवड़ यात्रा में डीजे.ढोल की थाप और भगवान शिव-पार्वती की आकर्षक झांकी आकर्षण का केन्द्र रही, बाणगंगा मंदिर से प्रारंभ होकर यह कांवड़ जैसे ही आगे बढ़ी तो इस यात्रा के स्वागत सत्कार और धर्मलाभ प्राप्त करने के लिए नगर के विभिन्न समाजसेवी व समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा अनेकों स्थानों पर स्वागत किया गया।

---

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन

**शिवपुरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरणए नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणए जबलपुर के निर्देशानुसार शिवपुरी जिले में विधिक साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न विद्यालयों में विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी राजेन्द्र प्रसाद सोनी के मार्गदर्शन एवं सचिव श्रीमती रंजना चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुए। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 शिवपुरी में आयोजित शिविर में विद्यार्थियों को ष्नालसा बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024 और पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को यह बताया गया कि किस प्रकार ये कानून बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं और वे अपनी सुरक्षा व न्याय की मांग कैसे कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रतिराम धाकड़ एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 शिवपुरी में भी विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। जहां छात्र.छात्राओं को ष्नालसा एसिड हमले से पीड़ितों को विधिक सहायता योजना 2015 तथा पॉक्सो अधिनियम से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों को कानूनी अधिकारों को भी समझाया।

---

### कन्या उमावि बदरवास में आजाद और तिलक की जयंती आयोजित

## क्रांतिकारी आजाद व तिलक के त्याग, समर्पण को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बदरवास



मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले स्वतंत्रता संग्राम के महानायक चंद्रशेखर आजाद और लोकमान्य तिलक की जयंती पर बदरवास के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि देकर याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आजाद और तिलक के छायाचित्रों पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण किया गया।

जयंती कार्यक्रम में शिक्षक गोविंद अवस्थी ने दोनों महान क्रांतिकारियों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महान अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद और लोकमान्य तिलक के मातृभूमि के लिए निस्वार्थ समर्पण, त्याग, संघर्ष और बलिदान की गाथाएं आज भी जीवंत हैं। दोनों ही क्रांतिकारी स्वतंत्रता की क्रांति की वो चिंगारी थे जिन्होंने अपने शौर्य से इसे ज्वाला में बदल दिया था। आजाद और तिलक मां भारती के महान सपूत और योद्धा थे जिनका अविस्मरणीय योगदान और बलिदान आज भी देशवासियों को मातृभूमि के प्रति समर्पित होकर काम करने की प्रेरणा देता है। हमारे क्षेत्र का सौभाग्य है कि चंद्रशेखर आजाद का क्रांतिकारी जीवन का कुछ समय खनियाधाना में गुजरा।

शिक्षक कपिल परिहार ने कहा कि आजादी का सपना लिए बेखौफ महान देशभक्त चंद्रशेखर आजाद और तिलक ने आजादी की ऐसी क्रांति फैलाई थी जिसने अंग्रेजी सल्तनत को हिला दिया था। उनकी वीर गाथाएं आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। विद्यालय के प्राचार्य चंद्रवीर सिंह सेंगर ने कहा कि हमें महान क्रांतिकारियों से सीख लेनी चाहिए तथा सदैव इनका आदर करें और इनके प्रति कृतज्ञता का भाव हम सभी रखें।